दिनांक–19.05.2024

समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण का मतदान कल, 49 सीटों पर डाले जाएंगे वोट।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए व्यापक तैयारियां जारी।
- उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल, दतिया में पारा पहुंचा 47 डिग्री सेल्सियस के पार।
- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु आईपीएल के प्ले ऑफ में पहुंची, चेन्नई सुपर किंग्स टूर्नामेंट से बाहर

**चुनाव पांचवा चरण**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीट पर कल 20 मई को मतदान होगा। इस चरण में सोमवार को महाराष्ट्र की 13, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, ओडिशा की पांच और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की एक-एक सीट पर मतदान होगा। ओडिशा के 35 विधानसभा क्षेत्रों में भी कल मतदान होगा। पांचवे चरण में उत्तरप्रदेश की लोकसभा सीट रायबरेली और अमेठी में भी कल मतदान होगा, जहां से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मैदान में हैं। उधर, जम्मू-कश्मीर के बारामूला में 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी चुनाव लड़ रहे हैं। इस बीच छठवें चरण का प्रचार भी तेज हो गया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी दोपहर करीब 12:30 बजे पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। बाद में श्री मोदी दोपहर में बाकुरा जिले के बिष्णुपुर और मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र के खड़गपुर में दो अन्य जनसभाओं को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज उत्तरप्रदेश में प्रयागराज और जौनपुर ज़िलों में चुनाव सभाएं करेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज़मगढ, जौनपुर, प्रतापगढ और प्रयागराज ज़िलों में रैली करेंगे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उत्तरप्रदेश के ग़ाज़ीपुर और

बलिया में चुनाव प्रचार करेंगे। विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव उत्तरप्रदेश में प्रयागराज ज़िले में संयुक्त रूप से जनसभा करेंगे। बाद में, श्री यादव फूलपुर संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र में भी रैली करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह आज महाराजगंज निर्वाचन-क्षेत्र में प्रचार करेंगे।

मतगणना तैयारी

प्रदेश में सभी 29 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में मतदान के बाद अब 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। इंदौर जिले में भी व्यापक स्तर पर मतगणना की तैयारियां की जा रही हैं। 13 मई को मतदान के पश्चात ईवीएम मशीनें कड़ी सुरक्षा के बीच नेहरू स्टेडियम में बनाये गये स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि विशेष बल के साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतगणना हेतु शीघ्र ही रेण्डमाइंजेशन करके कर्मचारियों की सूची बनायी जाएगी और उन्हें मतगणना का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उधर गुना  संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गुना और राजगढ़ की चारों विधानसभाओं की मतगणना शासकीय पी.जी. कॉलेज गुना में की जायेगी। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री ने कल गुना में बनाये गये स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

गैस राहत अस्पताल

भोपाल स्थित गैस राहत चिकित्सालयों के लिये विशेषज्ञों, कंसलटेंट और चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएँ प्रतिनियुक्ति पर ली जायेंगी। संचालक गैस राहत एवं पुनर्वास ने बताया कि भोपाल गैस त्रासदी एवं पुनर्वास विभाग के अधीन 6 चिकित्सालयों एवं 9 औषधालयों में चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये वरिष्ठ परामर्शी, परामर्शी, कनिष्ठ परामर्शी, विशेषज्ञ और चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों पर 2 वर्षों की अवधि के लिये प्रतिनियुक्ति पर सेवाएँ ली जाना हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक चिकित्सक विभागीय वेबसाइट www.bgtrrdmp.mp.gov.in से आवेदन डाउनलोड कर पूर्ण जानकारी भरकर समक्ष में अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से संचालनालय, गैस राहत एवं पुनर्वास, शिवाजी नगर, भोपाल में 10 जून, 2024 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

किशोर कुमार सम्मान

बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र देओल को वर्ष 2022 के लिए प्रतिष्ठित सम्मान राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान से नवाजा गया है। मध्यप्रदेश शासन ने उन्हें यह सम्मान सिनेमा के क्षेत्र में निर्देशन, अभिनय, पटकथा और गीत लेखन के लिए दिया है। कल धर्मेंद्र के मुंबई स्थित आवास पर राज्य संस्कृति विभाग के संचालक एनपी नामदेव ने प्रदान किया। इस मौके पर धर्मेंद्र ने कहा कि मुझे किशोर कुमार जैसे महान व्यक्तित्व के नाम से स्थापित यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। जिसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा कि मुझसे पहले जिन कलाकारों को यह सम्मान दिया जा चुका है, उनमें कुछ मेरे गुरु के समान हैं। कुछ सम्मानीय हैं और कुछ मेरे साथी भी हैं, आज उनकी सूची में स्वयं का नाम देख प्रसन्नता का ठिकाना नहीं है। गौरतलब है कि अब तक यह सम्मान 26 शख्सियतों को दिया जा चुका है।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों कई शहरों में झुलवाने वाली गर्मी पड़ रही है। ग्वालियर-चंबल संभाग सहित ज्यातर क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ रही है। कल दतिया सबसे गर्म रहा। यहां पारा 47.2 डिग्री सेल्सियम पहुंच गया। वहीं, ग्वालियर भी लगातार तीसरे दिन भी खूब तपा। यहां दिन का अधिकतम तापमान रिकॉर्ड 45 डिग्री पर पहुंच गया, जो इस सीजन का सबसे अधिक है। ग्वालियर में पिछले साल गर्मी के सीजन में पारा 44.8 डिग्री से ज्यादा नहीं गया था। रतलाम, छतरपुर जिले का खजुराहो और नौगांव भी जमकर तपे। यहां पारा 44 डिग्री के पार रहा। शाजापुर और गुना में पारा 43 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। इंदौर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में पिछले तीन दिनों से उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। दो दिन से दिन का तापमान 39 डिग्री से ज्यादा था। कल सीजन का सबसे ज्यादा तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार मध्यप्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक-दो दिन तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव रहेगा। इस दौरान दोपहर बाद बादलों के छाने के साथ कहीं-कहीं बूंदाबादी या हल्की बारिश हो सकती है।

वहीं, सागर, सीधी, शिवपुरी, नरसिंहपुर, धार, दमोह, खंडवा, सतना और टीकमगढ़ में तापमान 42 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने ग्वालियर-चंबल संभाग में हीट वेव, यानी गर्म हवाएं चलने का भी अनुमान जताया है। इस बीच, विदिशा में कल शाम को मौसम बदला और 20

मिनट तक बारिश हुई। सागर के ग्रामीण इलाके चितौरा, कनेरादेव, सुरखी, गौरझामर, रहली में आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज मंदसौर, रतलाम के धोलावाड़, बैतूल, उत्तरी छिंदवाड़ा में तेज आंधी, बारिश और ओले गिरने का अनुमान है। नीमच में हल्की धूल भरी आंधी चल सकती है।

## नीट-पेपर खुलासा

नई दिल्ली जिला पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर हल करने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के दो एमबीबीएस छात्रों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और एक कार जब्त की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए अन्य दो आरोपियों में से एक मेडिकल स्कूल प्रवेश सलाहकार और दूसरा बिहार में एक कोचिंग अकादमी संचालक है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पांच मई को नई दिल्ली के भारतीय विद्या भवन मेहता विद्यालय में नीट परीक्षा आयोजित हुई थी। परीक्षा के दौरान दो छात्रों को बायोमेट्रिक डेटा की जांच के दौरान फर्जी पाया गया।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हराकर प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। कल रात एक अहम मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 5 विकेट पर 218 रन बनाए, लेकिन उन्हें प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स को 201 से नीचे रोकना था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए फाफ डु प्लेसिस ने 39 गेंदों में 54 रन बनाए जबकि विराट कोहली ने 29 गेंदों में 47 रनों की पारी खेली। जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 191 रन ही बनाए और टॉप चार में पहुंचने में नाकाम रही। जीत के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के साथ प्लेऑफ में शामिल हो गई, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स बाहर हो गई। आईपीएल 2024 प्लेऑफ़ इस महीने की 21 तारीख को शुरू होगा, जिसमें दो टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्वालीफायर 1 में भिड़ेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

1- खण्डवा में राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत कल

स्वास्थ्य केन्द्रों पर वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

2- छतरपुर में विश्व संग्रहालय दिवस पर कल से सात दिवसीय छाया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का प्रवेश निशुल्क है।

3- गुना जिले में भीषण गर्मी के मद्देनजर आंगनवाड़ी केन्द्रों का समय परिवर्तन किया गया है। अब से आंगनवाड़ी सुबह 8 बजे से संचालित किया जायेगा। बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्र से छुट्टी दोपहर 12 बजे हो जाएगी।

4- ग्वालियर में राष्ट्रोत्थान न्यास द्वारा मासिक गोष्ठी का आयोजन आज सायं 5 बजे तराणेकर सभागार किया जाएगा।

5- इंदौर में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर कल शहर के केन्द्रीय संग्रहालय सहित लालबाग में मध्यप्रदेश के ज्ञात-अज्ञात स्मारकों के छायाचित्र की प्रदर्शनियां लगाई गई।

6- रायसेन के पूर्व वन परिक्षेत्र अमरावद के जंगल में तेंदूपत्ता तोडने गए युवक पर कल तेंदुआ ने हमला कर दिया। युवक का इलाज किया जा रहा है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिरः—

- लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण का मतदान कल, 49 सीटों पर डाले जाएंगे वोट।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए व्यापक तैयारियां जारी।
- उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल, दतिया में पारा पहुंचा 47 डिग्री सेल्सियस के पार।
- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु आईपीएल के प्ले ऑफ में पहुंची, चेन्नई सुपर किंग्स टूर्नामेंट से बाहर

..............................................................................

मतगणना तैयारी (1)

प्रदेश में सभी 29 लोकसभा सीटों पर चार चरणों में मतदान के बाद अब 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। इंदौर जिले में भी व्यापक स्तर पर मतगणना की तैयारियां की जा रही हैं। 13 मई को मतदान के

पश्चात ईवीएम मशीनें कड़ी सुरक्षा के बीच नेहरू स्टेडियम में बनाये गये स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि विशेष बल के साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतगणना हेतु शीघ्र ही रेण्डमाइंजेशन करके कर्मचारियों की सूची बनायी जाएगी और उन्हें मतगणना का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उधर गुना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गुना और राजगढ़ की चारों विधानसभाओं की मतगणना शासकीय पी.जी. कॉलेज गुना में की जायेगी। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री ने कल गुना में बनाये गये स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

किशोर कुमार सम्मान (2)

बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र देओल को वर्ष 2022 के लिए प्रतिष्ठित सम्मान राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान से नवाजा गया है। मध्यप्रदेश शासन ने उन्हें यह सम्मान सिनेमा के क्षेत्र में निर्देशन, अभिनय, पटकथा और गीत लेखन के लिए दिया है। कल धर्मेंद्र के मुंबई स्थित आवास पर राज्य संस्कृति विभाग के संचालक एनपी नामदेव ने प्रदान किया। इस मौके पर धर्मेंद्र ने कहा कि मुझे किशोर कुमार जैसे महान व्यक्तित्व के नाम से स्थापित यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। जिसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा कि मुझसे पहले जिन कलाकारों को यह सम्मान दिया जा चुका है, उनमें कुछ मेरे गुरु के समान हैं। कुछ सम्मानीय हैं और कुछ मेरे साथी भी हैं, आज उनकी सूची में स्वयं का नाम देख प्रसन्नता का ठिकाना नहीं है। गौरतलब है कि अब तक यह सम्मान 26 शख्सियतों को दिया जा चुका है।

चुनाव पांचवा चरण (3)

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीट पर कल 20 मई को मतदान होगा। इस चरण में सोमवार को महाराष्ट्र की 13, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, ओडिशा की पांच और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की एक-एक सीट पर मतदान होगा। ओडिशा के 35 विधानसभा क्षेत्रों में भी कल मतदान होगा।